प्रेस विज्ञप्ति

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित हुआ पीएम-किसान सम्मान निधि हस्तांतरण का सीधा प्रसारण

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर 2026 : माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 24वीं किस्त जारी की। इसके अंतर्गत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों के बैंक खातों में ₹18,690 करोड़ से अधिक की राशि डिजिटल माध्यम से सीधे हस्तांतरित की गई।

इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के डॉ. बी.पी. पाल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रीगण, वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, किसान एवं अन्य हितधारक शामिल हुए। इस अवसर पर दिल्ली के आसपास के जिलों से कुल 319 किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

सीधे प्रसारण के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पीएम-किसान सम्मान निधि योजना को विशेष रूप से छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आय सहायता पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री ने कृषि विकास, आधुनिक कृषि तकनीकों तक किसानों की पहुंच तथा डेयरी, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे संबद्ध क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन में हुई उल्लेखनीय प्रगति का भी उल्लेख किया और बताया कि शहद उत्पादन में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है।

जनसेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, *"जन सेवा ही राष्ट्र सेवा है",* उन्होंने दोहराया कि किसानों का कल्याण और समृद्धि राष्ट्र के विकास के केंद्र में है। साथ ही, उन्होंने भारतीय कृषि को अधिक उत्पादक, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने और विकसित भारत के संकल्प में किसानों की केंद्रीय भूमिका पर बल दिया।

डॉ. सीएच. श्रीनिवास राव, निदेशक, भा.कृ.अनु.प.- भा.कृ.अनु.सं. ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने खाद्यान्न की कमी से खाद्यान्न आत्मनिर्भरता तक भारत की उल्लेखनीय यात्रा तथा एक प्रमुख कृषि उत्पादक एवं निर्यातक के रूप में देश की उभरती पहचान पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश के कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने में कृषि अनुसंधान, तकनीकी प्रगति और किसानों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्रियों ने भी किसानों के कल्याण, ग्रामीण विकास एवं कृषि प्रगति के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयासों पर अपने विचार साझा किए।

श्री राजीव रंजन सिंह, माननीय केंद्रीय पंचायती राज मंत्री एवं मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री ने सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के सीधे किसानों तक पहुंचाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कृषि अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और किसान-केंद्रित समाधानों के विकास में भाकृअनुप के योगदान की सराहना की।

श्री राज भूषण चौधरी, माननीय केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री ने कृषि विकास, अवसंरचना के आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी आधारित हस्तक्षेपों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं तथा समृद्ध कृषि क्षेत्र के निर्माण में वैज्ञानिक प्रगति की भूमिका को रेखांकित किया।

श्री हर्ष मल्होत्रा, माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री ने अवसंरचना के विस्तार और कल्याणकारी पहलों के माध्यम से समावेशी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीण समुदायों एवं किसानों के विकास के महत्व को भी रेखांकित किया।

श्री पबित्रा मार्गेरिटा, माननीय केंद्रीय विदेश एवं वस्त्र राज्य मंत्री भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डॉ. सी. विश्वनाथन, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान); विभिन्न प्रभागों के प्रमुख; वैज्ञानिक; विषय विशेषज्ञ तथा संस्थान के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय कृषि प्रौद्योगिकी आकलन एवं स्थानांतरण केंद्र (CATAT) तथा अनुसूचित जाति उप-योजना (SCSP) के नोडल अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर.एन. पडारिया, संयुक्त निदेशक (प्रसार), भा.कृ.अनु.प.- भा.कृ.अनु.सं ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

Press Release

Live Streaming of PM-KISAN Samman Nidhi Fund Transfer Ceremony Held at ICAR–IARI

New Delhi, 30 October 2026: The Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi today released the 24th instalment of the Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN) scheme from Banaskantha, Gujarat, transferring more than ₹18,690 crore directly into the bank accounts of over 9.34 crore eligible farmer families across the country.

The live webcast of the national programme was organised at Dr. B.P. Pal Auditorium, ICAR–Indian Agricultural Research Institute, New Delhi. The programme brought together Union Ministers, senior officials, scientists, farmers and other stakeholders to witness the nationwide release of the instalment. A total of 319 farmers from districts surrounding Delhi participated in the programme.

During the live webcast, Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi highlighted the importance of PM-KISAN as a significant income-support initiative, particularly for small and marginal farmers. He emphasised that the scheme aims to provide direct financial assistance to farmers and strengthen their economic security. The Prime Minister reiterated the Government's commitment to farmers' welfare through initiatives supporting agricultural development, including improved access to agricultural technology and measures for the development of allied sectors such as dairy, animal husbandry and fisheries. He also highlighted the progress made in honey production, noting the significant increase in production, which has nearly doubled.

Emphasising the spirit of public service, he stated, *"Jan Seva Hi Rashtra Seva Hai"*, reiterating that the welfare and prosperity of farmers remain central to the nation's development. He further reiterated the vision of making Indian agriculture more productive, prosperous and self-reliant, with farmers at the centre of the country's development journey.

Dr. Ch. Srinivasa Rao, Director, ICAR-IARI, welcomed the dignitaries and highlighted India's remarkable journey from food scarcity to food self-sufficiency and its emergence as a major agricultural producer and exporter. He emphasised the significant contributions of agricultural research, technological advancements and farmers in strengthening the country's agricultural sector.

The dignitaries addressed the gathering and highlighted various initiatives undertaken by the Government of India for farmers' welfare, rural development and agricultural progress.

Shri Rajiv Ranjan Singh, Union Cabinet Minister of Panchayati Raj and Minister of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying, highlighted the importance of ensuring that government benefits reach farmers directly. He appreciated ICAR's contribution to agricultural research, technological innovation and the development of farmer-centric solutions.

Shri Raj Bhushan Choudhary, Union Minister of State for Jal Shakti, emphasised the importance of agricultural development, infrastructure modernisation and technology-driven interventions. He highlighted the significance of farmers' welfare initiatives and the role of scientific advancements in building a prosperous agricultural sector.

Shri Harsh Malhotra, Union Minister of State for Road Transport and Highways and Corporate Affairs, highlighted the Government's commitment to inclusive development through infrastructure expansion and welfare-oriented initiatives, particularly for rural communities and farmers.

Shri Pabitra Margherita, Union Minister of State for External Affairs and Textiles, also graced the occasion.

The programme was also attended by Dr. C. Viswanathan, Joint Director (Research); Heads of Divisions; scientists; subject-matter specialists; and other officers and staff members of the Institute. The programme was coordinated by the Centre for Agricultural Technology Assessment and Transfer (CATAT) and the Nodal Officer of the Scheduled Caste Sub-Plan (SCSP). The programme concluded with a vote of thanks proposed by Dr. R.N. Padaria, Joint Director (Extension), ICAR-IARI.










MINISTRY OF
AGRICULTURE AND
FARMERS WELFARE
Government of India








माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
पीएम किसान
सम्मान निधि
30 अक्टूबर, 2024


माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
पीएम किसान
सम्मान निधि